CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

❑ वर्ष- 29 ❑ अंक- 289 ❑ रायपुर, शनिवार 14 नवम्बर 2026 ❑ पृष्ठ-8 ❑ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

बागबाहरा के पास खड़ी ट्रक में जा घुसी एंबुलेंस

2 महिलाओं की मौत, मरीज को लेकर जा रही थी ओडिशा



महासमुंद, 14 नवम्बर (हाईवे चैनल)। शनिवार आज सुबह छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां मरीज को इलाज के बाद ओडिशा ले जा रही एंबुलेंस सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा घुसी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए. दर्दनाक हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिला और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना बागबाहरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, एंबुलेंस क्रमांक सीजी 04 एनएच7746 मरीज को इलाज के बाद ओडिशा लेकर जा रही थी. इसी दौरान बागबाहरा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर देवाशीष स्कूल के पास एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़ी ट्रक के पीछे जा घुसी. टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे के बाद एंबुलेंस में सवार लोगों के बीच चीख-पुकार मच गई।

हादसा इतना भ्यावह था कि दो महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं दो महिला समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. स्थानीय लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने लोगों की मदद से एंबुलेंस में फंसे घायलों और शवों को बाहर निकाला. घायलों को तत्काल बाहबाहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद पहुंचाया. दोनों महिलाओं के शव के पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया. इसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया. फिलहाल घायलों का उपचार जारी है।

ओडिशा के रहने वाले बताए जा रहे मृतक और घायल

शुरुआती तौर पर सामने आया कि एंबुलेंस में सवार मरीज और अन्य लोग ओडिशा के रहने वाले बताए जा रहे हैं. हालांकि मृतकों और घायलों की पहचान की कोशिशें जारी है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और एंबुलेंस खड़ी ट्रक से कैसे टकराई, इसकी जांच की जा रही है।

इधर, अनियंत्रित होकर बाइक खेत में गिरी, युवक की मौत



गरियाबंद, 14 नवम्बर (हाईवे चैनल)। अमलीपदर-ध्रुवागुड़ी मार्ग के हाथी बंद के पास शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खेत में जा घुसी। बाइक सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना अमलीपदर थाना इलाके की है।

जानकारी के मुताबिक, बाइक पर सवार युवक ने अचानक नियंत्रण खो दिया. इसके बाद वह सीधे सड़क किनारे खेत में जा घुसा. हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई. वहां से गुजर रहे लोगों ने दृश्य देखा, तब घटना का मालूम पड़ा. उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। अमलीपदर पुलिस टीम मौके पर पहुंची. मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. बाइक नंबर के आधार पर मृतक की पहचान की कोशिशें जा रही है. वहीं दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

महादेव ऑनलाइन सट्टा एप: सौरभ चंद्राकर के खुलासे के बाद सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

6 राज्यों में 33 ठिकानों पर मारे छापे



रायपुर, 14 नवम्बर (हाईवे चैनल)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले की जांच के सिलसिले में छह राज्य में 33 स्थान पर छापेमारी कर डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और ऐसे दस्तावेज बरामद किए हैं, जिनसे 'म्यूल' बैंक खातों और हवाला के जरिए धन के लेनदेन के संकेत मिले हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। 'म्यूल' बैंक खाता ऐसा बैंक खाता होता है, जिसका इस्तेमाल अपराधी अवैध तरीके से हासिल की गई रकम प्राप्त करने, उसे दूसरे खातों में भेजने और धन के वास्तविक स्रोत को छिपाने के लिए करते हैं।

सूत्रों ने बताया कि इस ऐप के प्रमुख प्रवर्तकों में शामिल सौरभ चंद्राकर के ओमान से प्रत्यर्पण के बाद उसके द्वारा किए गए खुलासों के आधार पर छापेमारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में दिल्ली, मुंबई, नागपुर, अमृतसर, भोपाल और रायपुर समेत विभिन्न स्थानों पर की गई इस छापेमारी में सट्टेबाजी ऐप के पैनल (ऑनलाइन व्यवस्था या इंटरफेस जिसके जरिए सट्टेबाजी की गतिविधियां संचालित की जाती हैं) संचालकों से जुड़े परिसरों को निशाना बनाया गया। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि कई स्थानों पर सट्टेबाजी और जुए के ऑनलाइन पैनल सक्रिय पाए गए, जिन्हें बाद में निष्क्रिय कर दिया गया। चंद्राकर को ओमान से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद सीबीआई ने उसे एक नवंबर को गिरफ्तार किया था। रायपुर की एक विशेष अदालत ने चंद्राकर से पूछताछ के लिए सीबीआई को उसकी आठ दिन की हिरासत की अनुमति दी थी। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सीबीआई की प्रवक्ता ने कहा, ''चंद्राकर से पूछताछ के दौरान इस ऐप के संचालन और भारत में इसके पैनल संचालकों के नेटवर्क के बारे में जानकारी मिली।'' प्रवक्ता ने बताया कि जांच के दौरान एकत्र किए गए दस्तावेजी और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर भी चंद्राकर से पूछताछ की गई। सीबीआई की प्रवक्ता बीना यादव ने एक बयान में कहा, ''अब तक की जांच से पता चला है कि इस सट्टेबाजी ऐप का संचालन विदेश से एक मुख्य कार्यालय के जरिए किया जाता है और भारत में इसके पैनल संचालकों का एक बड़ा नेटवर्क है।'' उन्होंने बताया कि ये संचालक ग्राहकों की पहचान संख्या (आईडी) का प्रबंधन करते हैं और दूसरे लोगों के नाम पर विशेष रूप से खोले गए या किराये पर लिए गए बैंक खातों में सट्टेबाजी की रकम जमा करते हैं तथा इसके बाद मुनाफे की रकम हवाला के जरिए विदेश भेजी जाती है।

ब्रेकिंग न्यूज

असम के काजीरंगा में भीषण सड़क हादसा, मृतकों की संख्या 26 हुई, 14 महिलाएं शामिल

नई दिल्ली, 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)। असम के काजीरंगा में रंगाजन के पास हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है. हादसे में जान गंवाने वालों में 14 महिलाएं और 12 पुरुष शामिल हैं. मृतकों में एक नाबालिग भी है. हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन लोगों ने जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. इसके बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 26 हो गया. असम सरकार के मंत्री अतुल बोरा ने बताया कि 23 मृतकों का पोस्टमार्टम गोलाघाट में, जबकि तीन शवों का पोस्टमार्टम जोरहाट में किया जाएगा. मंत्री अतुल बोरा के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले 26 लोगों में 14 महिलाएं और 12 पुरुष हैं. इनमें एक नाबालिग भी शामिल है. मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. 23 शवों का पोस्टमार्टम गोलाघाट में और बाकी तीन का जोरहाट में किया जाएगा।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, राहुल गांधी कह रहें हैं कि पीएम मोदी मेरा फोन टैप करा रहें हैं..! चुहिया- हां जी, राजनीति में ऐसे आरोप-प्रत्यारोप चलते रहते हैं..!

गिग वर्कर्स को बंधुआ मजदूर बनाना चाहती है भाजपा: राहुल

नई दिल्ली, 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को हैदराबाद में गिग वर्कर्स की बाइक रैली में शामिल हुए। इस दौरान वह एक गिग वर्कर की स्कूटी पर पीछे बैठकर रैली में पहुंचे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी बाइक रैली में शामिल हुए। हैदराबाद में आयोजित यह बाइक रैली शिल्पाकला वेदिका से शुरू हुई। राहुल गांधी ने नोवोटेल के पास गिग वर्कर्स को संबोधित किया।



वह भारत समिट 2026 में शामिल होने के लिए शुक्रवार रात हैदराबाद पहुंचे थे और नोवोटेल होटल में ठहरे हुए थे। हैदराबाद पहुंचने पर राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, अन्य मंत्रियों और कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी का स्वागत किया।

रैली में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले नोवोटेल होटल के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। हाई-प्रोफाइल सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत डॉग स्क्वॉड ने पूरे इलाके की जांच की। इसके साथ ही वाहनों की आवाजाही पर भी कड़ी नजर रखी गई। हैदराबाद के हाइटेक सिटी स्थित जयभेरी ग्राउंड में राहुल गांधी ने तेलंगाना गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम का शुभारंभ किया। इस मौके पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क भी मौजूद रहे। इस योजना का उद्देश्य गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनके भविष्य को अधिक सुरक्षित बनाना है।

पं. जवाहर लाल नेहरू की आज जयंती पर मोदी-राहुल ने दी श्रद्धांजलि

कहा- भारत उनके लिए एक विचार था



नई दिल्ली, 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई प्रमुख नेताओं ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर राहुल गांधी ने नेहरू के विचारों और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया. उन्होंने कहा कि भारत उनके लिए केवल एक देश नहीं, बल्कि एक खोज और विचार था, जहां विविधता शक्ति, लोकतंत्र विश्वास और समानता आधार हो. वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट कर पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी जयंती पर नमन किया. 14 नवंबर को मनाई जाने वाली पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर देशभर में उन्हें याद किया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी. उन्होंने लिखा, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं.कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पंडित नेहरू को याद करते हुए उन्हें हिंद का जवाहर बताया. उन्होंने एक्स पर लिखा, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर सादर नमन. राहुल गांधी ने कहा कि नेहरू के लिए आजादी अंतिम मंजिल नहीं, बल्कि देश के नए सफर की शुरुआत थी. उनके लिए स्वराज का अर्थ केवल सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी और देश के भविष्य की जिम्मेदारी था।

दुर्ग में सफाई कर्मी की चाकू मारकर हत्या, दो नाबालिग हिरासत में

दुर्ग, 14नवंबर (हाईवे चैनल)। दुर्ग शहर में अपराधियों के हौसले एक बार फिर कानून व्यवस्था को चुनौती देते नजर आए। शनिचरी मार्केट से लगे सिद्धार्थ नगर में दिनदहाड़े 26 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अविनाश उर्फ नासो परिहार के रूप में हुई है। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मामले में कोतवाली पुलिस ने दो नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक,अविनाश नगर निगम में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी पद्मा निर्मलकर ने बताया कि अविनाश शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे घर पर नाश्ता करने आए थे। नाश्ता करने के बाद वह ड्यूटी पर चले गए। दोपहर तक घर नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान एक परिचित व्यक्ति से पूछताछ करने पर पता चला कि अविनाश कुछ लड़कों के साथ बैठे हुए हैं।



भांजे ने अपनी आंखों से देखा हमले का खौफनाक मंजर: इस हत्याकांड का सबसे चौंकाने वाला पहलू मृतक के भांजे अरमान भारद्वाज का बयान है। अरमान ने बताया कि वह दोपहर करीब 2 बजे अपने मामा के घर पहुंचा था। वहां उसने मामी से पूछा कि मामा कहां हैं। इस पर उन्होंने बताया कि अविनाश हाजिरी दिलाने गए हैं। इसी दौरान एक व्यक्ति वहां पहुंचा। उससे पूछताछ करने पर उसने बताया कि मैदान के पास स्थित एक ऑफिस में अविनाश मौजूद हैं, जहां कई लड़के बैठते हैं। यह जानकारी मिलने के बाद अरमान बताए गए स्थान पर पहुंचा। अरमान के मुताबिक, जैसे ही वह बताए गए स्थान के पास पहुंचा, उसे अपने मामा की आवाज सुनाई दी। अविनाश किसी से कह रहे थे, कितना बड़ा गुंडा है तू, मार चाकू मार।

आवाज सुनकर अरमान दौड़कर मौके पर पहुंचा तो उसके सामने खौफनाक दृश्य था। उसका दावा है कि अविनाश जमीन पर पड़े हुए थे और दो नाबालिग उनके गले पर चाकू से वार कर रहे थे। अरमान को देखते ही दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। अरमान ने पुलिस को बताया कि उसने घटनास्थल पर दो ही लोगों को चाकू से हमला करते हुए देखा था। इसके बाद घायल अविनाश को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दो नाबालिग हिरासत में, हत्या के कारणों की जांच: घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल हत्या के पीछे की वजह और वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार समेत अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

मां के अंतिम संस्कार के लिए जेल से बाहर आया रवि पुजारी, भारी पुलिस सुरक्षा में पहुंचा पैतृक घर

नई दिल्ली, 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)। अंडरवर्ल्ड से जुड़े रवि पुजारी शनिवार को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच माल्पे स्थित पैतृक घर लाया गया। यहां वे अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होगा। अदालत ने उसे अंतिम संस्कार के लिए हिरासत से बाहर जाने की सशर्त अनुमति दी थी।

अधिकारियों के अनुसार, उसे शुक्रवार को बंगलूरू से लाया गया। इसके लिए जेल प्रशासन और डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस, सिटी आर्म्ड रिजर्व (दक्षिण), अडुगोडी ने इंतजाम किए थे। उडुपी जिले में उसके रहने के दौरान, वहां की पुलिस ने अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई। अदालत ने निर्देश दिया था कि पुलिस सुरक्षा पर होने वाला पूरा खर्च पुजारी खुद उठाएगा। शनिवार सुबह 11 बजे नेरगी स्थित उसके घर पर अंतिम संस्कार की रस्में पूरी होने के बाद, उसे वापस हिरासत में ले लिया गया। उसकी 86 वर्षीय मां, सुशीला पुजारथी का गुरुवार को उनके घर पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

आईएमडी: बंगाल की खाड़ी में उठेगा चक्रवाती तूफान, 70-80 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं; अलर्ट जारी

नई दिल्ली, 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में बना कम दबाव का क्षेत्र अब और मजबूत हो गया है। अगले 24 घंटों में इसके डिप्रेशन (गहरे कम दबाव के क्षेत्र) में बदलने की आशंका है। इसके बाद यह उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा और 16 नवंबर की शाम तक मध्य बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है।

अंडमान सागर और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह के आसपास और उससे सटे इलाकों में 16 नवंबर तक तूफानी मौसम रहने की प्रबल संभावना है, जिसमें हवा की गति 40-50 किमी प्रति घंटा होगी और झोंकों के साथ यह 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। 14 और 15 नवंबर को यहां तूफानी मौसम रहने की प्रबल संभावना है, जिसमें हवा की गति 40-50 किमी प्रति घंटा होगी और झोंकों के साथ यह 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। 16 और 17 नवंबर को इसके और तेज होने की संभावना है, जब हवा की गति 50-60 किमी प्रति घंटा हो जाएगी और झोंकों के साथ यह 70 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

ऋषिकेश में यूपी की स्कूल बस का ब्रेक फेल, दीवार से टकराकर हवा में लटकी; 27 बच्चे थे सवार

नई दिल्ली, 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से ऋषिकेश पिकनिक मनाने जा रही स्कूल बस शनिवार, 14 नवंबर सुबह हादसे का शिकार हो गई. बस का ब्रेक फेल होने के बाद वह पहाड़ी रास्ते पर दीवार से टकरा गई. इसके बाद बस हवा में लटक गई. बस में 27 बच्चों समेत 30 लोग सवार थे. गनीमत रही कि सभी बच्चे सुरक्षित बच गए। बस में पंडित तिलक भानु सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राएं और शिक्षक सवार थे. सभी पिकनिक मनाने लक्ष्मण झूला जा रहे थे. इसी दौरान शनिवार सुबह करीब 9:40 बजे पीडब्ल्यूडी तिराहे पर बस का ब्रेक फेल हो गया।

ब्रेक फेल होने के बाद बस अनियंत्रित हो गई. पहाड़ी रास्ते पर वह पहले दीवार से टकराई. इसके बाद बस का एक हिस्सा हवा



में लटक गया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बस में 27 बच्चे और तीन अन्य लोग सवार थे. हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत मदद की. उन्होंने बच्चों को सुरक्षित बस से बाहर निकाला. इसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में बस का ड्राइवर, हेल्पर और स्कूल की प्रिंसिपल घायल हुए हैं. उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. हादसे का वीडियो भी सामने आया है. इसमें बस पहाड़ी रास्ते पर दीवार से टकराने के बाद हवा में लटकी दिखाई दे रही है।

मिडटर्म चुनाव में हार का असर

2028 के राष्ट्रपति चुनाव से हट सकते हैं जेडी वेंस, दावेदारों में कई बड़े नाम

नई दिल्ली, 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)। रिपब्लिकन पार्टी को मध्यावधि चुनावों में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इसका असर ये हुआ है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 2028 के राष्ट्रपति चुनाव से अपना नाम वापस लेने पर विचार कर रहे हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के साथ जारी युद्ध, पार्टी के भीतर मतभेद और एमएजीए आंदोलन के भविष्य को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच जेडी वेंस चुनावी मैदान से हटने पर विचार कर रहे हैं।



रिपोर्ट के अनुसार, जेडी वेंस के करीबियों, सहयोगियों और सलाहकारों समेत कई लोगों से बातचीत में पता चला है कि उपराष्ट्रपति अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। वह इस बात को लेकर भी असमंजस में हैं कि क्या उन्हें अगले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व करना चाहिए। हालांकि, वेंस ने अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है और राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का विकल्प अभी भी खुला है। लेकिन उनके परिचित लोगों का कहना है कि वह मौजूदा राजनीतिक माहौल और रिपब्लिकन पार्टी के सामने मौजूद चुनौतियों को लेकर काफी अनिश्चित हैं।